भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 144

गुरूवार, 29 जनवरी, 2026/09 माघ, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तर प्रदेश में विशेष पर्यटन क्षेत्रों का विकास**

**144 श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंहः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'विशेष पर्यटन क्षेत्र' (एसटीजेड) के विकास के लिए सरकार की नीति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में किसी क्षेत्र को विशेष पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है;

(ग) कुशीनगर-सारनाथ-बोधगया परिपथ अथवा केवल कुशीनगर को विशेष पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने की क्या संभावनाएँ हैं;

(घ) किसी क्षेत्र को विशेष पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने से कर प्रोत्साहन, एकल-खिड़की स्वीकृतियाँ आदि जैसे कौन-कौन से लाभ प्राप्त होंगे; और

(ङ) होटलों एवं रिसॉर्ट्स में व्यापक निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से कुशीनगर को विशेष पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने से संबंधित किसी प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने फिलहाल देश में 'विशेष पर्यटन क्षेत्र (एसटीजेड)' विकसित करने के लिए किसी भी योजना को मंजूरी नहीं दी है। जबकि, पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनसे योजना के दिशा-निर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव प्राप्ति पर तथा निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

भारत सरकार ने 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करने, उनकी वैश्विक स्तर पर ब्रांडिंग और मार्केटिंग करने के प्राथमिक उद्देश्य से भी परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

******

**अनुबंध**

श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष पर्यटन क्षेत्रों के विकास के संबंध में दिनांक 29.01.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 144 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में स्वदेश दर्शन (एसडी), एसडी 2.0, प्रशाद, सीबीडीडी और एसएएससीआई योजनाओं के तहत मंज़ूर की गई परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

**उत्तर प्रदेश** **(राशि करोड़ रु. में)**

| **योजना/उप योजना** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम/ अनुभव** | **परिपथ/ गंतव्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वदेश दर्शन (एसडी) | 1 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | 87.89 |
| | 2 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | रामायण परिपथ | 2016-17 | 69.45 |
| | 3. | आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | 71.91 |
| | 4. | बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | 67.51 |
| | 5. | कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | विरासत परिपथ | 2016-17 | 36.65 |
| | 6. | अयोध्या का विकास | रामायण परिपथ | 2017-18 | 127.21 |
| | 7. | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | 12.03 |
| | 8. | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2018-19 | 18.30 |
| | 9 | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | नैमिषारण्य | 2023-24 | 17.80 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वदेश दर्शन 2.0 | 10. | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | प्रयागराज | 2023-24 | 14.52 |
| सीबीडीडी | 11. | महोबा में सांस्कृतिक भूदृश्य का विकास (सांस्कृतिक एवं विरासत श्रेणी के तहत) | महोबा | 2024-25 | 24.98 |
| प्रशाद | 12. | वाराणसी का विकास - चरण-I | वाराणसी | 2015-16 | 18.73 |
| | 13. | मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण-II) | मथुरा-वृंदावन | 2014-15 | 10.98 |
| | 14. | गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन | वाराणसी | 2017-18 | 9.02 |
| | 15. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | वृंदावन | 2014-15 | 9.36 |
| | 16. | वाराणसी का विकास - चरण II | वाराणसी | 2017-18 | 44.60 |
| | 17. | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | गोवर्धन | 2018-19 | 37.59 |
| एसएएससीआई | 18 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | बटेश्वर | 2024-25 | 74.05 |
| | 19 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | श्रावस्ती | 2024-25 | 80.24 |

**बिहार** **(राशि करोड़ रु. में)**

| **योजना/उप योजना** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम/ अनुभव** | **परिपथ/ गंतव्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वदेश दर्शन (एसडी) | 1 | वैशाली - आरा - मसाद - पटना - राजगीर - पावापुरी - चंपापुरी का विकास | तीर्थंकर परिपथ | 2016-17 | 33.96 |
| | 2. | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2016-17 | 44.76 |
| | 3. | बौद्ध परिपथ का विकास - बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | 95.18 |
| | 4. | भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | ग्रामीण परिपथ | 2017-18 | 44.27 |
| | 5. | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | आध्यात्मिक परिपथ | 2017-18 | 44.55 |
| स्वदेश दर्शन 2.0 | 6. | बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास | बोधगया | 2024-25 | 165.44 |
| सीबीडीडी | 7. | सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | जिला सारण. | 2024-25 | 24.29 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (सोनपुर मेला) | | |
| प्रशाद | 8. | पटना साहिब का विकास | पटना साहिब | 2015-16 | 29.62 |
| | 9. | गया, बिहार में विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | गया | 2014-15 | 3.63 |
| | 10. | अंबिका भवानी मंदिर, सारण का विकास | सारण | 2024-25 | 13.29 |
| एसएएससीआई | 11. | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | सहरसा | 2024-25 | 97.61 |
| | 12. | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | करमचट | 2024-25 | 49.51 |

**उत्तर प्रदेश और बिहार** **(राशि करोड़ रु. में)**

| **योजना/उप योजना** | **क्र.सं.** | **परियोजना का नाम/ अनुभव** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| स्वदेश दर्शन (एसडी) | 1 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी - गया; कुशीनगर - गया - कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 17.50 |

*******